पौडी में खराब पड़ी टेलीफोन लाइनें

2344. **श्री मनोहर कान्त ध्यानी** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत पौड़ कांसखेत में अधिकांश टेलीफोन लाइनें घने जगलों से गुजरने के कारण खराब पड़ी रहती हैं जिससे उपभोक्ताओ को बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा हैं;

(ख) क्या इन लाइनों को माइक्रोवेव से जोड़ने का कोई प्रस्ताव हैं;

(ग) यदि हां, तो कब तक; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

संचार मंत्री (श्री बैनी प्रसाद वर्मा) : (क) जी हां। पौड़ी-कासंखेत जंक्शन लाइन, 25 कि.मी. को दूरी तक ओवरहेड एलाइनमेंट पर एक फिजिकल पैयर पर घने जंगल से होकर गुजरती हैं। जब कभी भी, भूस्ख्लन, पेड़ गिरने अथवा दुर्घटना इत्यादि के कारण जंकशन लाइन क्षतिग्रस्त होती हैं, इसे तुरतं ठीक किया जाता है।

(ख) से (घ) पौड़ी कांसखेत के बीच माइक्रोवेव संपर्क स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं हैं, क्योकि इन दोनों केन्द्रों के मध्य "लाइन आफ साइट" उपलब्ध नहीं हैं। तथापि, वर्ष 1998-99 के लिए कांस खेत में, एक मल्टी चैनल पर कैरियर वैरी स्माल अपर्थर टर्मिनल (एम सी पी सी एस ए टी) उपग्रह प्रणाली की योजना बनाई गई हैं।

दरभंगा में डाकघर खोला जाना

2345. **श्री रामगोपाल यादव** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच हैं कि संसद-सदस्यों तथा क्षेत्र के स्थानीय लोगों से ग्राम त्रिमुहानी घाट, जिला दरभंग, बिहार में डाकघर खोलने के संबंध में कई ज्ञापन प्राप्त हुए हैं;

(ख) क्या सरकार ने वहां डाकघर खोलने के औचित्य का मूल्यांकन किया हैं;

(ग) क्या बहुत लम्बे समय पहले लिये गये सरकार के उक्त निर्माण के बावजूद वहां अब तक डाकघर नहीं खोला गया हैं;

(घ)क्या सरकार उक्त स्थान पर अतिशीघ्र डाकघर खोलने का विचार रखती हैं; और

(ड.) यदि हां, तो उसकी समय-सीमा क्या हैं, यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं?

संचार मंत्री (श्री बैनी प्रसाद वर्मा) : (क) और (ख) जी हां। दरभंगा जिले के त्रिमुहानी घाट ग्राम में शाखा डाकघर खोलने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ और विभाग द्वारा उसका मूल्यांकन किया गया।

(ग) यह डाकघर अभी खोला नही गया हैं।

(ध) और (ड.) जी हां, डाकघर संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर खोले जाते हैं।

Cellolar phone service in Jharkhand

2346. SHRI GYAN RAN J AN: Will !l:o Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) the names of the companies to whom - licences have been issued by the Department of Telecommuni-'ations for providing cellular phone service in the Jharkhand region of Bihar;

(b) what are the reasons for not providing cellular telephone services by these companies so far; and

(c) whether Government would consider cancelling their licences